हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 29 मार्च 2026

06 समाज के कार्यों में मेरा सहयोग सदैव बना रहेगा...



07 कृषि उपज मंडी में 6 करोड़ के कार्य की योजना प्रस्तावित, होंगे निर्माण





## समाचार संक्षेप

### राम नवमी पर अदभुत नजारा 5100 दीपों से रोशन हुआ पंचमुखी मंदिर



गुना। भगवान श्री राम जी का प्रकटोत्सव रामनवमी का पर्व जिले भर में अभूतपूर्व भव्यता के साथ मनाया गया। पंचमुखी श्री हनुमान मंदिर केंट पर मंदिर के महंत श्री सियाराम दास जी महाराज के सानिध्य में संध्याकाल को 5100 झिलमिल दीपों की रोशनी से मंदिर हुआ सराबोर। महाराज ने बताया कि आज संपूर्ण देश में भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा भाव से भक्तों ने मनाया। पंचमुखी मंदिर पर दोपहर ठीक 12 बजे मंदिरों में भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का उल्लास चरम पर रहा। शंख, घंटा-घड़ियाल, ढोल-नगाड़ों और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिरों के कपाट खुले और भगवान श्रीराम के जन्म का उत्सव मनाया गया। नयनाभिराम श्रृंगार में सजे भगवान के दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़े। 'भए प्रकट कृपाला, दीन दयाला' के जयघोष के साथ पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दिन भर भंडारा चला जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की ओर सायंकाल 7 बजे दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भक्तों द्वारा 5100 दीपक लगाकर श्री रामनवमी पर्व को उत्साह के साथ मनाया गया। दीपोत्सव कार्यक्रम में श्री हरि पुजारी जी, समाजसेवी विकास जैन नखराली सहित बड़ी संख्या में मातृ शक्ति के साथ भक्तों ने सहभागिता कर भगवान का जन्मोत्सव मनाया।

### मृगवास मंडल में भाजपा का प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित



**मृगवास।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत मृगवास मंडल में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मेंभाजपा के वरिष्ट प्रदीप नाटाणी पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद वक्ता के रूप में उपस्थित रहे और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।अपने संबोधन में आपने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी विचारधारा की प्रासंगिकता को विस्तार से समझाया। आपने कहा कि एकात्म मानववाद केवल एक विचार नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्गदर्शन है।कार्यक्रम के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने संगठन के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण भाव का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने और आगामी गतिविधियों को सफल बनाने पर भी चर्चा की गई।अंत में आपने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।

### रामनवमी पर शास्त्री पार्क शिवालय मंदिर में विशेष स्वाध्याय



गुना। रामनवमी के पावन अवसर पर शास्त्री पार्क स्थित शिवालय मंदिर में विशेष स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रामस्वरूप सेन ने गीता के बारहवें अध्याय भक्ति योग और पंद्रहवें अध्याय पुरुषोत्तम योग का महत्व बताते हुए कहा कि इन दोनों अध्यायों में गीता का संपूर्ण सार निहित है।कार्यक्रम में याशिका शर्मा ने गीता पूजन किया, जबकि केशव बैरागी ने प्रेरक गीत "घर-घर गीता का प्रचार" का गायन प्रस्तुत किया। अंकित पांडेय ने गणेश-गौरी वंदना, गुरु वंदना और रामायण की चौपाइयों का पाठ कर भक्तों को भाव-विभोर किया। सुभाषित में भोगीराम साहू ने कहा कि जैसे जंगल का राजा शेर भी भोजन पाने के लिए मेहनत करता है, उसी प्रकार मनुष्य को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उमाशंकर भार्गव ने अमृत वचन में बताया कि अहंकार रखने वाला व्यक्ति ईश्वर की प्राप्ति नहीं कर सकता। देवेन्द्र भार्गव ने प्रेरक प्रसंग साझा करते हुए समझाया कि किसी को सुधारने के लिए एक अपराध की सजा पर्याप्त नहीं, बल्कि सभी दोषों को देख कर सही दिशा दी जानी चाहिए।भजन में बृजभूषण शर्मा और राधेश्याम शर्मा मुद्गल ने "गीता हमारी परम पूज्य वाणी" का संयुक्त गायन किया। रामनवमी पर बृजेन्द्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि रामायण संस्कार और गीता कर्म करना सिखलाती है, इसलिए मनुष्य को सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए ताकि परिवार और समाज में सकारात्मक वातावरण बना रहे।स्वाध्याय में राखी भार्गव, हेमलता सक्सेना, उर्मिला भार्गव, नम्रता शर्मा, निधि भार्गव, अंजलि भार्गव, प्रियंका भार्गव, रचना शर्मा, सीमा भार्गव, सुधीर सक्सेना, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, रामजीवन भार्गव, मनोज शर्मा, मनोज तिवारी, महेश शर्मा, केशव बैरागी, संतोष ओझा, नंदकिशोर परिहार, चंद्रमोहन अग्रवाल, बाबूलाल यादव, धर्मवीर सिंह, शैलेन्द्र सिंह भदौरिया, दीपक शर्मा, बृजेन्द्र सिंह पवैया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।अगला स्वाध्याय रविवार को अन्नपूर्णा कॉलोनी स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में शाम 4 बजे आयोजित होगा।

## भव्य कलश यात्रा के साथ मानस भवन में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

पं. कौशल किशोर शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना







शहर के मानस भवन में आज भक्ति और श्रद्धा के माहौल के बीच श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया।

सुबह निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मानस भवन पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कथा का आरंभ हुआ।इस पावन अवसर पर पं. कौशल किशोर शास्त्री द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। वे श्रीधाम वृन्दावन के प्रसिद्ध भागवत प्रवक्ता हैं और उनके मुखारविंद से कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 5 कर देना समय निर्धारित किया गया है, जिसमें धर्मप्रेमी जन बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और वैराग्य पर विस्तार से प्रकाश डाला जा रहा है।कथा के यजमान (कथा परीक्षित) के रूप में डॉ उमा शर्मा उपस्थित हैं, जिनके द्वारा इस धार्मिक आयोजन का सफल संचालन कराया जा रहा है।

कार्यक्रम स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया है तथा भक्तिमय वातावरण में भजन-कीर्तन के साथ श्रद्धालु भाव-विभोर हो रहे हैं। आयोजकों ने अधिक से अधिक लोगों से कथा में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

### कलेक्टर-एसपी ने पैदल चलकर निरीक्षण किया

# हनुमान जयंती की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन सजग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले विशाल मेले की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में शनिवार को कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने हनुमान टेकरी पहुंचकर व्यवस्थाओं का संयुक्त निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि वं टेकरी ट्रस्ट के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी ने लगभग डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर मेला स्थल एवं पहुंच मार्गों का बारीकी से अवलोकन किया।

#### व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

निरीक्षण के दौरान कानून-व्यवस्था, कंट्रोल रूम की स्थापना, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, खाद्य सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मंदिर ट्रस्ट समिति ने बताया कि एक दिवसीय इस मेले में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं, जिसके मद्देनजर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

#### सीसीटीवी और कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या का आकलन करने के लिए ₹हेड काउंटर₹ सिस्टम लागू किया जाए। पूरे मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे इस प्रकार लगाए जाएंगे कि उनकी पहचान स्पष्ट रूप से हो सके। साथ ही एक केंद्रीय कंट्रोल रूम स्थापित कर सभी गतिविधियों की सतत निगरानी की जाएगी।

#### 500 वालंटियर्स की तैनाती होगी अनिवार्य

मेले के सुचारू संचालन के लिए कम से कम 500 वालंटियर्स तैनात किए जाएंगे। सभी वालंटियर्स को पहचान के लिए बैच, सीटी, टोपी के साथ उनकी सूची कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराई जाएगी।

#### यातायात और बिजली व्यवस्था पर विशेष ध्यान

श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक यातायात मार्ग चिन्हित किए गए हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग को बूढ़े बालाजी से टेकरी तक सड़क मरम्मत के निर्देश दिए गए हैं। विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है। साथ ही मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण और खुली वायरिंग पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

#### स्वास्थ्य एवं आपात सेवाएं रहेंगी मुस्तैद

मेले के दौरान चिकित्सा टीम, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग को भी मेले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए गए हैं।

श्रद्धा के आयोजन को सफल बनाना सबकी जिम्मेदारी कलेक्टर ने कहा कि हनुमान जयंती आस्था और विश्वास से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। इसे सुव्यवस्थित और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन सहित सभी संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है।

### जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

## भूकंप आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट गुना के जनसुनवाई कक्ष में जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें भूकंप आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर एवं अतिवृष्टि बाढ़ आपदा में इंप्रोवाइज तरीके से राफ्ट बनाना जैसे बोतल राफ्ट पीपा राफ्ट एवं घायल व्यक्ति को ले जाने की विधियां, तथा सीपीआर की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, डिप्टी कलेक्टर सुश्री महिमा चौधरी, होमगाड्र्स कमांडेंट आरके पथरोल, प्लाटून कमांडर होमगार्ड मनोज भदौरिया विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों द्वारा भूकंप के कारण, उसके प्रभाव तथा उससे बचाव के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि भूकंप के दौरान किस प्रकार सतर्कता बरतनी चाहिए तथा सुरक्षित स्थानों का चयन कैसे किया जाए। साथ ही आपदा के समय त्वरित प्रतिक्रिया (रिस्पॉन्स) और राहत कार्यों के समन्वय पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थिति में सही निर्णय लेने और राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि समय रहते जागरूकता और तैयारी ही जन-धन की हानि को कम कर सकती है।कार्यशाला में भूकंप के दौरान अपनाई जाने वाली सावधानियों पर विशेष जोर दिया गया। प्रतिभागियों को बताया गया कि भूकंप आने पर घबराएं नहीं, तुरंत सुरक्षित स्थान जैसे मजबूत टेबल या दरवाजे के नीचे शरण लें, बिजली के उपकरणों से दूर रहें और खुले स्थान में चले जाएं। ऊंची इमारतों, पेड़ों एवं बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखना आवश्यक है।





## रामनवमी पर डीजे विवाद में युवक घायल, राघौगढ़ में थाने का घेराव

**एसडीओपी ने किया दो आरक्षकों को लाइन अटैच**







हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघौगढ़ नगर में रामनवमी के अवसर पर श्री महादेव संगठन द्वारा आरती कार्यक्रम के दौरान डीजे आवाज रखने पर टीआई ने डीजे हटा दिया। इसके विरोध में संगठन द्वारा एक बैनर तैयार किया गया, जिसमें लिखा था: "SHME ON प्रशासन हमारे शांतिप्रिय आरती कार्यक्रम में देवेन्द्र नरुखा ने बदतमीजी की, उनको भगवान श्रीराम सद्बुद्धि दे" ।यह बैनर नीरज पुत्र कैलाश सैनी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने नीरज को उठाया और कथित मारपीट की, जिससे वह अस्पताल में भर्ती हो गया। घटना के विरोध में आक्रोशित जनता ने थाना का घेराव कर दिया।इस पर एसडीओपी दीपा डुडवे ने कार्रवाई करते हुए आरक्षक मनोज सिकरवार और आरक्षक देवेन्द्र नरूका को लाइन अटैच कर दिया।

## सोशल मीडिया पर भ्रामक, झूठी आपत्तिजनक या अवैध जानकारी साझा की तो दंडात्मक कार्रवाई होगी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

**गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए एडवाइजरी जारी की**

गुना पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने आगामी धार्मिक त्यौहारों और सामाजिक कार्यक्रमों के मद्देनज़र नागरिकों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक, झूठी, आपत्तिजनक या अवैध जानकारी साझा न की जाए। एडवाइजरी में विशेष रूप से चेतावनी दी गई है कि कोई भी नागरिक धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली भाषा का प्रयोग न करे। सांप्रदायिक, जातिगत या नफरत फैलाने वाले पोस्ट पूरी तरह से निषिद्ध हैं। इसके अलावा, भारत सरकार, प्रदेश सरकार और पुलिस के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।गुना पुलिस ने बताया कि सोशल मीडिया पर सतत निगरानी रखी जा रही है और किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसी जानकारी को साझा करने या बिना सत्यापन के फारवर्ड करने पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, सामाजिक जिम्मेदारी के तहत ऐसी सामग्री मिलने पर तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या गुना पुलिस कंट्रोल रूम को सूचित करने का अनुरोध किया गया है।

## श्री जागेश्वर महादेव मंदिर में चैत्र नवरात्रि हवन यज्ञ और कन्या भोज के साथ पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना स्थित श्री जागेश्वर महादेव मंदिर में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर नौ दिनों तक लगातार अखंड ज्योत जलाकर और पंडित श्री कृष स्वरूप भार्गव के नेतृत्व में दुर्गा सप्त सती का पाठ संपन्न कराया गया। दशमी के दिन मंदिर घाट पर माँ दुर्गा जी की पूजा के साथ हवन यज्ञ आयोजित किया गया और कन्या भोज कर नवरात्रि का पूर्णाहुति समारोह संपन्न किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सभी पदाधिकारीगण—अध्यक्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल, सचिव विमल गर्ग, गोवर्धन मित्तल, कमल मोदी, नंद किशोर अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण वकील, मोहन लाल सहित अन्य सदस्यों ने अपना तन-मन-धन से सहयोग दिया।कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने कन्याओं का तिलक कर पूजन किया और आशीर्वाद प्राप्त किया। ट्रस्ट द्वारा आयोजन को सफल बनाने में सभी समाजिक सदस्यों और सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।



### शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कैंट वृहद मेगा लीगल आउटरीच शिविर का आयोजन किया

# कैंट गुना में मेगा लीगल आउटरीच शिविर, वंचितों के चेहरे पर मुस्कान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना







गुना के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, केंट में 28 मार्च 2026 को राष्ट्रीय एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार वृहद मेगा लीगल आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना अमिताभ मिश्र ने की।शिविर का मुख्य उद्देश्य विशेषकर कमजोर वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों, मुफ्त कानूनी सेवाओं और नालसा/सालसा योजनाओं के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्षी अमिताभ मिश्र द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। अपने संबोधन में उन्होंने "न्याय आपके द्वार" की संकल्पना साकार करने हेतु जन जागरूकता एवं अधिकारों की जानकारी के महत्व को रेखांकित किया।विशेष न्यायाधीश राकेश कुमार जैन ने विधिक सहायता, मध्यस्थता और नालसा योजनाओं की जानकारी दी। शिविर में श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरपालिका और बैंक ऑफ इंडिया सहित कई विभागों ने अपनी योजनाओं का विवरण प्रस्तुत किया और पात्र हितग्राहियों का पंजीकरण कर लाभ सुनिश्चित किया। सामाजिक न्याय एवं निशक्तजन कल्याण विभाग ने लगभग 100 दिव्यांगों और वरिष्ठजनों को 15 लाख की लागत की व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, छड़ी, कमरपट्टा और कमोड वितरित किए।बाल एवं महिला कल्याण: लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र एवं स्टडी किट, विद्या आरंभ योजना के तहत प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।स्वास्थ्य सेवाएं: आयुष्मान कार्ड निर्माण, निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित।वित्तीय सहायता: राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के तहत 03 हितग्राहियों को 60,000 और 03 वृद्धजनों एवं कल्याणी माताओं को 600 प्रतिमाह पेंशन स्वीकृत की गई।श्रम विभाग: ई-श्रम पोर्टल पंजीकरण और श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी।

शिविर में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मधुलिका मुले, जिला कार्यकम अधिकारी, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग, प्राचार्या श्रीमती आरती श्रीवास्तव, पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वॉलंटियर्स, मध्यस्थ और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी शसर्वेश चतुर्वेदी ने किया और आभार प्रदर्शन प्राचार्या आरती श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।इस मेगा शिविर ने शासन की कल्याणकारी योजनाओं और विधिक जागरूकता को वंचित वर्ग तक पहुँचाकर उनके चेहरे पर मुस्कान बिखेरी।

## समाचार संक्षेप

### खेजरा-रामा में किसान की सरसों फसल जली मौके पर पहुंचकर दी गई तात्कालिक सहायता

कुंभराज। चाचौड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुंभराज तहसील के ग्राम खेजरा-रामा में एक किसान की सरसों की फसल आग लगने से जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई। जानकारी के अनुसार किसान मिश्रीलाल लोधा की लगभग 5 से 6 बीघा में लगी सरसों की फसल आग की चपेट में आकर राख हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।घटना की सूचना मिलते ही जिला भाजपा उपाध्यक्ष जगदीश मीना ने मौके पर पहुंचे और किसान के खेत का निरीक्षण किया। इस दौरान पीड़ित किसान की स्थिति को देखते हुए तत्काल राहत के रूप में 11,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की गई।साथ ही कलेक्टर महोदय से किसान को शासन की ओर से उचित मुआवजा एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आग्रह भी किया गया है, ताकि किसान को इस संकट की घड़ी में राहत मिल सके।इस दौरान स्थानीय ग्रामीण भी मौके पर मौजूद रहे और घटना पर दुख व्यक्त किया।



### शैक्षणिक भ्रमण दल पहुंचा ओरछा किला

बीनागंज। पीएम श्री कन्या मिडिल स्कूल बीनागंज का शैक्षणिक भ्रमण दल गत दिवस निवाड़ी जिले के ओरछा किला पहुंचा और भ्रमण कर तथ्यात्मक जानकारी प्राप्त की विद्यालय के शिक्षक अभिषेक मीना ने बताया कि यह किला सोलहवीं शताब्दी में बुंदेला राजा रुद्रप्रताप सिंह द्वारा बनवाया गया था। यह बेतवा नदी के तट पर स्थित है! कार्यक्रम प्रभारी शिक्षक कृष्ण गोपाल मीना ने बताया कि छात्रों द्वारा अपने सामान्य कक्षा शिक्षण से बाहर किसी ज्ञानवर्धक स्थान की नियोजन यात्रा करना है, इसी उद्देश्य को लेकर विद्यालय परिवार द्वारा प्राचार्य गोपाल मैथिल के मार्गदर्शन में ओरछा किला का भ्रमण किया और ऐतिहासिक जानकारियां प्राप्त कि इस अवसर पर अंजुम कुरैशी, हुकुमचंद साहू, रमेशचंद अहिरवार, रमा मीना, कृष्ण शाक्यवार, वंदना व्यास, अनमोल शर्मा, वैशाली साहू, दीपक प्रजापति, ताराचंद सोनी, बालकविनेट प्रधानमंत्री तमन्ना जाटव, शिक्षा मंत्री पलक मीना, प्रतिज्ञा मीना, तनवी राजपूत, प्रेरणा जैन, परी राजपूत, सुनीता मीना सहित लगभग आधा सैकड़ा से अधिक छात्राएं शामिल थी। बालकेविनेट की शिक्षा मंत्री पलक मीना ने बताया कि इस दौरान शैक्षिक भ्रमण के अलावा ओरछा सरकार राजाराम और लौटते वक्त दतिया में पीताम्बर देवी के दर्शन भी किया! यह यात्रा बहुत ही ज्ञानवर्धक रही।



### रामजानकी की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ शतचंडी महायज्ञ

राघोगढ़। चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर वार्ड क्रमांक 0 3 देवगढ़ पहाड़ी स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर परिसर में 9 दिन से चल रहे विशेष शतचंडी महायज्ञ पूर्ण आहुति, एवं राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा के साथ संपन्न हुआ। समिति सदस्यों ने बताया कि मां वैष्णो देवी मंदिर परिसर मैं नगर वासी एवं क्षेत्रवासियों के सहयोग से विशेष शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया और आज रामनवमी के शुभ अवसर पर नवनिर्मित मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा की गई। यह शत चंडी महायज्ञ विश्व कल्याण और विश्व शांति के लिए आयोजित किया गया इस अवसर पर मंदिर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया , इस धार्मिक आध्यात्मिक वातावरण के बीच श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड पड़ा, आसपास के जिलों के साथ-साथ राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित दूर दूर से शामिल हुए भंडारे के साथ साथ हजारों श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ मां वैष्णो देवी एवं राम दरबार के दर्शन प्राप्त कर मां के भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण कर और धर्म अर्जित किया।



# समाज के कार्यों में मेरा सहयोग सदैव बना रहेगा: लोढ़ा

## मणिधारी गार्डन में 24 जोड़ों का हुआ निःशुल्क विवाह, समाज सेवा की पेश की मिसाल







हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

मैथिल ओझा समाज जिला गुना द्वारा आयोजित निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन ए.बी. रोड स्थित मणिधारी गार्डन में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में मध्य प्रदेश, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश से आए कुल 24 जोड़ों का विधि-विधान से विवाह कराया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब गुना के अध्यक्ष आनंद सिंह लोढ़ा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि “आज आप सभी मेरी 24 बहनों के विवाह सम्मेलन में शामिल हुए, इसके लिए मैं आप सभी का धन्यवाद देता हूँ। ओझा मित्र मंडल द्वारा किया गया यह आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित है। भगवान विश्वकर्मा जी के आशीर्वाद से हमारी घोषणाएं फलीभूत हो रही हैं और समाज के कार्यों में मेरा सहयोग सदैव बना रहेगा।”उन्होंने बताया कि पूर्व में की गई तीन घोषणाओं में से एक इस आयोजन के माध्यम से पूरी हो गई है और वे चाहते हैं कि हर वर्ष चैत्र नवरात्रि की अष्टमी-नवमी पर इस प्रकार का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएं।इस प्रेरणादाई आयोजन के लिए मुख्य आशीर्वाद प्रदाता के रूप में केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। विशिष्ट अतिथियों में धर्मेंद्र सिकरवार (भाजपा जिला अध्यक्ष), शिवराज ओझा (भोपाल), हेमंत ओझा (शिवपुरी) एवं भूमानीदीन विश्वकर्मा (छतरपुर) की उपस्थिति रही।कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि मुख्य अतिथि आनंद सिंह लोढ़ा द्वारा मणिधारी गार्डन निशुल्क उपलब्ध कराया गया तथा सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप अलमारियां भेंट की गईं।कार्यक्रम स्थल पर विशाल शामियाना लगाया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मंच पर समाज के वरिष्ठ जन एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक मौजूद थे, जिन्होंने नवदंपत्तियों को आशीर्वाद दिया।इस आयोजन का सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका ओझा समाज मित्र मंडल एवं सेवा समिति, जिला गुना द्वारा निभाई गई। सम्मेलन में वरिष्ठ जनों को सम्मानित किया गया और समाज में एकता, सहयोग व सामाजिक सरोकार का मजबूत संदेश दिया गया। इस मौके पर समाज जनों ने आनंद सिंह लोढ़ा के द्वारा किए गए परोपकार के कार्यों को लेकर उनका आभार व्यक्त किया।

## नौ दिवसीय हनुमान डुंडी शोभायात्रा का समापन, निकली आकर्षक रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶आरोन

नगर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भगवान हनुमान जी की डुंडी की विशाल शोभायात्रा नौ दिनों तक निकाली गई। दशमी तिथि की रात्रि में इस धार्मिक आयोजन का भव्य समापन रथ यात्रा के साथ हुआ।परंपरा के अनुसार भगवान श्रीराम एवं भगवान नरसिंह के स्वरूपों को सुसज्जित रथों में विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचीन राम मंदिर से हुई, जहां भगवान श्रीराम, हनुमान जी एवं भगवान नरसिंह जी की सामूहिक आरती की गई।आरती के पश्चात मंदिर परिसर में बाहर से आई नृत्यांगनाओं द्वारा बुंदेली राई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और आयोजन का मुख्य आकर्षण बनी रही।इसके बाद राम मंदिर से भव्य रथ यात्रा चल समारोह प्रारंभ हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों—पुराना बस स्टैंड, गुलाब गंज चौराहा, दास हनुमान चौराहा, सुरई वाले मंदिर, गणेश्वरी मोहल्ला, मठ मोहल्ला, सेजी मोहल्ला एवं घोसी मोहल्ला—से होते हुए पुनः राम मंदिर पहुंची।शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के रथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर भ्रमण के उपरांत रथ यात्रा का समापन राम मंदिर परिसर में हुआ, जहां भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं नगरवासी उपस्थित रहे और पूरे आयोजन में भक्ति एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।






आरोन। पब्लिक हाई स्कूल के यूकेजी कक्षा के छात्र रंश शर्मा /सचिन शर्मा ने सभी विषय में 100% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## शासकीय महाविद्यालय में आगामी 2 अप्रैल को 'स्वैच्छिक रक्तदान शिविर' का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

'शासकीय महाविद्यालय में आगामी 2 अप्रैल को 'स्वैच्छिक रक्तदान शिविर' का आयोजनराघौगढ़। समाज सेवा और मानवीय जीवन रक्षा के महान उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, शासकीय महाविद्यालय राघौगढ़ में आगामी 2 अप्रैल 2026 को एक विशेष 'स्वैच्छिक रक्तदान शिविर' का आयोजन किया जा रहा है। यह पुनीत कार्य महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ (IQAC) एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य डॉ माया परस्ते के संरक्षण एवं आंतरिक गुणवत्ता उन्नयन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ पूनम नामदेव के नेतृत्व में यह आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय परिवार समस्त राघौगढ़ नगरवासियों का आवाहन करता है कि वह ₹रक्तदान-जीवनदान₹ जैसे पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर किसी को नवजीवन दे सकते है।

## बढ़े बिजली बिल के दबाव में आकर महिला ने की आत्महत्या, उपभोक्ता संगठन ने मांगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना

गुना के नानाखेड़ी क्षेत्र में एक महिला द्वारा कथित रूप से बढ़े हुए बिजली बिल के दबाव में आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है।
इस हृदय विदारक घटना पर बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार के लिए समुचित मुआवजे की मांग की है। एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य नरेन्द्र भदोरिया और लोकेश शर्मा ने संयुक्त बयान में कहा कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार परिवार पर लगभग 1 लाख 26 हजार रुपये का बिजली बिल बकाया था, जिसे जमा करने का लगातार दबाव बनाया जा रहा था। इसी मानसिक तनाव के चलते महिला ने यह गंभीर कदम उठाया। बताया जा रहा है कि उसने अपनी मासूम बच्ची को भी नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया, जो अत्यंत चिंताजनक है।संगठन ने इस घटना को अत्यंत दुखद बताते हुए बिजली कंपनी और सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।
वहीं, वरिष्ठ सदस्य मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि बिजली सेवा को मुनाफे का साधन नहीं बनाया जाना चाहिए, बल्कि आम जनता की सुविधा के रूप में देखा जाना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि बकाया बिजली बिलों के निपटान में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाए और सभी को सुगमता से बिजली उपलब्ध कराई जाए।
साथ ही केंद्र और राज्य सरकार से प्रीपेड स्मार्ट मीटर की नीति को रद्द करने तथा शहर में लगे स्मार्ट मीटरों को हटाने की भी मांग की गई।एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे हजारों की संख्या में सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## जिला पुलिस बल ने पटेल की 150वीं जयंती पर साइकिल रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रस्तावित कार्यक्रमों के अंतर्गत, पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन, ग्वालियर के निर्देशों के पालन में शनिवार प्रातः 08 बजे अशोकनगर में साइकिल रैली का आयोजन किया गया ।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में आयोजित इस साइकिल रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर द्वारा पुलिस लाइन अशोकनगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय अशोकनगर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कँवर, रक्षित निरीक्षक शिवमंगल सिंह लोधी, सूबेदार अजीत नरवरिया, सूबेदार आईना साहिबा सहित जिला पुलिस बल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी, पुलिस कर्मियों के बच्चे तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों, उनके परिजनों एवं आमजन के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार के आयोजन निरंतर किए जाते रहेंगे।





### अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद राजुल संभाग द्वितीय शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन, दी बधाई और शुभकामनाएं

अशोकनगर। अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद राजुल संभाग द्वितीय शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें केंद्रीय चेयरपर्सन एवं प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी नीलू बरौदिया, पूर्व अध्यक्ष पूजा जैन और टीना खैरा के निर्देशन में अध्यक्ष सोनम अजमेरा, सचिव पल्लवी जैन तथा कोषाध्यक्ष टोनिका जैन का निर्वाचन किया गया।

परिषद की प्रथम मीटिंग का आयोजन सोनम अजमेरा के निज निवास पर किया गया। जिसमें कि सर्वप्रथम समस्त परिषद के सदस्यों द्वारा भक्तांबर का पाठ किया गया, उसके पश्चात तोशी अजमेरा, निवि जैन के द्वारा मंगलाचरण से आयोजन का शुभारंभ किया गया। सदस्यों द्वारा केंद्रीय चेयर पर्सन एवं प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी नीलू बरौदिया का प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी ममता जैन का प्रांतीय चेयरपर्सन रश्मि जैन का केंद्रीय संरक्षिका वर्षा बड़कुल का भूतपूर्व अध्यक्ष पूजा जैन का पूर्व अध्यक्ष टीना खैरा का सम्मान किया। उसके उपरांत हमारे पूर्व अध्यक्ष टीना खैरा के निर्देशन में परिषद की सदस्यों ने मिलकर पालना झुलाने का कार्यक्रम और भजन संध्या का कार्यक्रम सानंद संपन्न किया। कार्यक्रम को संपन्न कराने में युवा अरिहंत महिला परिषद के सदस्यों की अहम भूमिका रही तथा उनका पूर्ण सहयोग रहा। सोनम अजमेरा, पल्लवी जैन और टोनिका जैन अपने समस्त अधिकारी तथा समस्त सदस्यों का आभार माना है।

## एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान तारा सदन स्कूल में वैक्सीनेशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार एवं सीएमएचओ डॉ. अलका द्विवेदी के मार्गदर्शन में तारा सदन स्कूल में एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान गुरूवार को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत अपनी पूरी टीम के साथ तारा सदन स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम से पूर्व स्कूल प्राचार्य से समन्वय स्थापित कर सभी किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चित की गई, जिसके बाद व्यवस्थित रूप से एचपीवी वैक्सीन का टीकाकरण किया गया। टीकाकरण से पहले डॉ. जयकृत सिंह राजपूत द्वारा किशोरी बालिकाओं एवं उनके अभिभावकों को एचपीवी वैक्सीन के महत्व, लाभ एवं इससे सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे जागरूकता में वृद्धि हुई। जिला टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान इसी प्रकार निरंतर जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक किशोरी बालिकाओं को लाभान्वित किया जा सके। इस अभियान में आरआई टीम के सदस्य वीसीसीएम पंकज शर्मा, आरआईडीएम प्रियंका सोनी, सीनियर एएनएम हेमवती शर्मा, सोना कुशवाह, ममता यादव, डाटा एंट्री ऑपरेटर चेतन रघुवंशी सहित अन्य स्टाफ की सक्रिय भागीदारी रही। साथ ही तारा सदन स्कूल का समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहा और उन्होंने टीकाकरण टीम को पूरा सहयोग प्रदान किया।




## स्वाध्याय सेवा समिति ने श्री रामनवमी पर बाल संस्कार शाला शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरई



श्रीराम नवमी के शुभ अवसर पर श्री युगल सरकार श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर द्वारा ग्राम मर्दनखेड़ी बक्सनपुर में बाल संस्कार शाला आरम्भ कराई गई। मास्टर ट्रेनर बलवीर सिंह यादव ने बाल संस्कार शाला शुरू करने के औचित्य पर कहा कि आज शिक्षा के साथ संस्कारों की नितांत आवश्यकता है क्योंकि भौतिकवाद की चकाचैंध में बच्चों का बचपना भी खोता जा रहा है। समय की मांग बहुत बड़ी है, जिसकी पूर्ति तभी हो सकेगी, जब बाल्यावस्था से भावी पीढ़ी के नौनिहालों का सर्वांगीण निर्माण किया जा सके। इसी उद्देश्य से समिति द्वारा गीता स्वाध्याय की साप्ताहिक परम्परा के साथ ही गांव गांव संस्कार शाला आरम्भ कराई जा रही है।

वरिष्ठ गायत्री परिजन रमेशचंद्र शर्मा ने कहा कि देश भर में सक्रिय प्राणवान परिजन किसी भी सामुदायिक स्थल, मंदिर, हाल उस घर में ही ऐसी बाल संस्कार शालाओं को चलाने की जिम्मेदारी निभाने लगें तो भावी पीढ़ी का वांछित नव निर्माण हो सकेगा और आगे चलकर ये बालक ही शांतिकुंज के ध्येय वाक्य युग निर्माण की आधारशिला बनेंगे। इस अवसर पर योगाचार्य रामबली यादव ने बच्चों को अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित करने, माता पिता गुरुजनों को प्रणाम करने की विधि बताई। शिक्षक राजेंद्र सिंह यादव ने बच्चों को संस्कार शाला में नियमित रूप से आने तथा शाला में बताई गई सीखों को अपनाने को कहा। बाल संस्कार शाला की संचालिका सुरभी जोशी ने कहा कि यह संस्कार शाला बच्चों को अपना चहुमुखी विकास करने का कार्य करेगी। इस अवसर पर समस्त जोशी परिवार तथा कुकरेठा, बक्शनपुर, आरोली, खैराई के गीता स्वाध्याय प्रेमी तथा बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### विधायक ने रेल मंत्री को पत्र लिख दिल्ली-मुंबई के लिए सीधी ट्रेनों के संचालन की मांग की



अशोकनगर। स्थानीय विधायक इजीं. हरीबाबू राय ने अशोकनगर जिले में रेल सुविधाएं बढ़ाए जाने की मांग को लेकर भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखा है जिसमें मांग की गई है। अशोकनगर जिला मुख्यालय का स्टेशन है यहां के नागरिकों को रेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

**खास बातें**

- अशोकनगर से होते हुए इंदौर, जबलपुर, प्रयागराज और दिल्ली एवं मुंबई के लिए ट्रेन चलाई जाए।
- कोरोना कल से बंद ट्रेनों को चालू करने की मांग की गई।
- कोटा सिरसा एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार बीना जंक्शन रेलवे स्टेशन एक किया जाये।
- भोपाल ग्वालियर इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक किया जाये।
- भोपाल से पाटलिपुत्र को चलने वाली नई बंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का संचालन गुना इटावा रेल लाइन के माध्यम से किए
- बीना रुलियाई मेमू ट्रेन के प्रतिदिन चार पफेरे लगाने का आदेश पारित किया जावे।
- इंदौर से चलकर अयोध्या के लिए एक ट्रेन जो उज्जैन शाजापुर सारंगपुर रुठियाई, गुना, अशोकनगर होते हुए प्रयागराज और अयोध्या के लिए जाए। यह ट्रेन 2028 में होने जा रहे सिंहस्थ के मद्देनजर बहुत उपयोगी होगी और संसदीय क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात मिलेगी।

## सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा रामनवमी पर 50 कन्याओं को कन्या भोज करवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा रामनवमी के उपलक्ष्य पर 50 कन्याओं को कन्या भोज करवाया गया। संगठन की अध्यक्ष अंजना दुबे ने बताया कि विश्व शांति हेतु संगठन द्वारा कीर्तन व शांति के लिए मंगल कामना की गई। संगठन की सदस्यों द्वारा कन्याओं को पर्स, हेयर बैंड, हेयर क्लिप, बिंदी, ब्रेसलेट इत्यादि उपहार स्वरूप सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष अंजना दुबे ,सचिव वंदना पाराशर कोषाध्यक्ष रीना बुधौलिया उपाध्यक्ष रानी राजोरिया, रुचि शर्मा, मार्गदर्शिका डॉक्टर रजनी शुक्ला, वंदना कनोहुआ, राखी तिवारी, संगठन की सदस्य लता दुबे ,सरोज शर्मा, कीर्ति लंबरदार राम कुमारी शर्मा मधु दुबे रश्मि मुदगिल रश्मि शर्मा वर्षा शर्मा, उपस्थित रही।

### श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर जवारे विसर्जन एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया

अशोकनगर। यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रातः काल पुख नक्षत्र रवि योग शनिवार में जवारे विसर्जन एवं कन्या ब्राह्मण भोजन प्रसाद वितरित कर ब्राह्मणों को दक्षिणा दी गई।

कन्याओं का विशेष सम्मान किया गया उनको फल वस्त्र आभूषण देकर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सम्मानित किया गया। महिलाओं ने मधुर भजन गाए कर मंदिर परिसर में आनंद उत्सव मनाया गया। छोटी-छोटी बच्चियों ने आशीर्वाद दिया तथा जवा विसर्जन किए गए। पाठ का आज समापन हुआ जिसमें विशेष करके सभी श्रद्धालु महिला ओने बढ़-चढ़कर भाग लिया महेंद्र शर्मा ने हारमोनियम से भजन गाकर मंत्र मुग्ध कर दिया।



## खबर संक्षेप

### पटरियों पर 45 वर्षीय अज्ञात का शव मिला

**अशोकनगर।** जिले के पिपरई थाने के अंतर्गत सीगोन एवं रेहटवास रेलवे लाईन के बीच पोल क्रमांक 102907एफ के पास एक अज्ञात युवक का शव मिला है जिसकी उम्र लगभग 45 साल है। जिसकी सूचना मूडरा कला निवासी थान सिंह केवट द्वारा पुलिस को दी गई थी। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### मर्ग की जांच पर से मामला किया दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम बीलाखेडा करीला माता मंदिर मार्ग पर पुलिस ने 9 मार्च को किसी अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया था। जिसकी जांच सहायक उपनिरीक्षक हेमराज मीना द्वारा की जा रही थी जिसमें पाया गया कि अज्ञात वाहन चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर बाईक को टक्कर मार दी। जिससे संजीव पुत्र पहलवान रघुवंशी निवासी ग्राम मसीदपुर की मौत हो गई थी। जिस पर से पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### बाईक से हिरण टकराया चालक की हुई मौत

**अशोकनगर।** पड़ौसी जिला गुना के ग्राम कुसमौदा निवासी हरीसिंह पुत्र हरनाम सिंह उम्र 65 साल जब अशोकनगर से रेहटवास बाईक से जा रहे थे तभी उनकी बाईक के सामने एक हिरण आ गया, जिससे उनकी बाईक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में बाईक चालक की मौत हो गई है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### पटरी पार करते समय युवक की हुई मौत

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम गुन्हेरू बामौरी में रेल की पटरी पार करते समय एक युवक की मौत हो गई। जिसकी पहचान पप्पू पुत्र तौफान सिंह उम्र 40 साल के रूप में की गई है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### कटटे की नोंक पर तीन नकाबपोशों ने जेवर लूटे

**अशोकनगर।** जिला मुख्यालय से 65 किलोमीटर दूर चंदेरी थाने के अंतर्गत एक लूट की घटना सामने आई है। यह घटना खैरा गांव के आगे पुलिया के पास बाईक से ललितपुर से गूढर जाते समय हुई। इस घटना में आरोपी पति पत्नि से जेवर लूट ले गई, जिसकी रिपोर्ट दीपक पुत्र कंजू चोरे उम्र 32 साल निवासी कुण्डीपुरा थाने के पीछे छिंदवाड़ा द्वारा दर्ज कराई गई है। दीपक चोरे ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी पत्नि बिंदिया व पुत्री जिया के साथ बाईक से ललितपुर से गूढर जा रहे थे, तभी 26 मार्च की रात साढ़े 10 बजे जैसे ही उनकी बाईक खैरा गांव के आगे पुलिया के पास पहुंची तो 3 अज्ञात नकाब पोश व्यक्ति बाईक से पीछे से आए और उन्होंने मेरी मोटरसाईकिल को रोककर कटटे का भय दिखाकर उसकी पत्नि के कान के सोने के बाला, सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायले, एक सेमसंग कंपनी का मोबाइल, कपड़े का बैग, एवं मेरा तथा मेरी पत्नि का पर्श जिसमें एटीएम कार्ड व नगदी 2500 रूपए रखे हुए थे जिन्हे झपट कर भाग गए। उक्त घटना के बाद से पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले किए दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत फतेहाबाद नई वस्ती निवासी रामलाल अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लखन और छोटू अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालीटोर निवासी छोटू गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामप्रीत गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परासरी निवासी देवेन्द्र शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी युधिष्ठर और लालाराम रघुवंशी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मढ़ना खिरिया निवासी नन्नूलाल जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमर सिंह, गोपाल, गणेशराम और छोटू रघुवंशी ने डंडों से मारपीट की।

### वायपास रोड से पुरानी मंडी में आने के लिए और परिसर में सड़क बनेगी

# कृषि उपज मंडी में 6 करोड़ के कार्य की योजना प्रस्तावित, होंगे निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश की अशोकनगर एक ऐसी मण्डी है जिसके पास पर्याप्त जगह है। एक नहीं दो-दो मंडीयां यहां की मण्डी समिति चलाती है। इन दोनों मण्डीयों में माल की खरीद हो रही है पर्याप्त मात्रा में जगह होने के बाद अब मण्डी के आगामी भविष्य को बेहतर बनाने के लिए वर्ष 2026-27 के लिए एक नई कार्य योजना तैयार की गई है, जिसमें 6 करोड़ रूपए के कार्य प्रस्तावित किए है।

कृषि उपज मण्डी के सचिव भागीरथ अहिरवार और उपयंत्री सूर्यकान्त त्रिपाठी ने बताया कि इस नई योजना के माध्यम से मण्डी में वह सब कार्य किए जाएगें जिनकी प्राथमिकता से आवश्यकता है। जिसमें पेवर्स ब्लॉक लगाए जाने के साथ, व्यापारियों के भूखण्डों के बाहर सीसी सड़क, आरसीसी नालियां, आदि कार्य किए जाएगें। पूरे परिसर को नई मण्डी में बेहतर बनाया जाएगा, ताकि धूल न उड़े और व्यापारी व किसान परेशान न हों। यह मण्डी की आवश्यकताओं को देखते हुए यह जो कार्य योजना तैयार की गई है जबसे मण्डी बनी है तब से इस तरह का कार्य नहीं हो पाया था, जिसके कारण उक्त सुविधाओं का लाभ बेहतर ढंग से नहीं मिल पा रहा था। जिसे देखते हुए यह कार्ययोजना तैयार की गई है ताकि इस योजना के माध्यम से कार्य पूरे कराया जा सकें।




### पुरानी गल्ला मंडी मार्ग के साथ मंडी परिसर में भी होगा सड़क का निर्माण



उन्होंने बताया कि पुरानी गल्ला मण्डी जो वायपास रोड से प्रवेश द्वार के साथ शुरू होती है, यहा की सड़क अत्यंत खराब हो गई है तथा पूरे दिन धूल उड़ती है जिसके कारण मंडी में आने जाने वाले लोग तो परेशान होते ही हैं साथ में मंडी परिसर में व्यापारियों के भूखण्डों के बाहर सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इस सड़क को नए सिरे से बनाए जाने का निर्णय लिया गया है, जिसमें 1 करोड़ रूपए की राशि से सड़क का निर्माण किया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले दिनों जैन समाज के पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन पुरानी गल्ला मंडी में होने के कारण इस आयोजन में शामिल होने वाले लोगों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद जैन समाज द्वारा आने जाने वाले मार्गों पर चूरी भी डलवाई गई थी जिससे कुछ समय के लिए राहत मिल थी। लेकिन अब स्थायी रूप से यहां सड़क का निर्माण कराया जा रहा है जिसके लिए निवदाएं भी स्वीकृत की जा चुकी हैं।

**5 बीघा भूमि अब नई मण्डी को और मिलेगी** उन्होंने बताया कि नवीन गल्ला मण्डी परिसर से लगकर 5 बीघा भूमि जो पूर्व में मंडी को प्रदान की जाना थी, राजस्व विभाग में एक प्रकरण भी चल रहा था, वह प्रकरण मण्डी के पक्ष में हो गया है। इस 5 बीघा भूमि मिलने के बाद नई गल्ला मंण्डी के पास कुल 22 हेक्टेयर भूमि हो जाएगी। जल्द ही इस भूमि का उपयोग गल्ला मण्डी के रूप में किया जाएगा। इसके अलावा मण्डी में डिस्प्ले बोर्ड, स्वच्छ पानी हेतु एक मशीनरी भी लगाई जा रही है। अभी तक इस तरह की सुविधा गल्ला मण्डी में नहीं है। इस सुविधा के बाद व्यापारियों व किसानों को पूरे समय स्वच्छ पानी प्राप्त हो सकेगा।

### पुरानी गल्ला मंडी वर्ष 1964 में और नई गल्ला मंडी 2019 में बनी

अशोकनगर कृषि प्रधान जिला है यह अशोकनगर जिले के लिए बड़े गौरव की बात है कि यहां दो मण्डियां बड़े क्षेत्रफल के रूप में संचालित हो रही हैं। पुरानी मण्डी वर्ष 1964 में प्रारंभ हुई थी तब मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारकाप्रसाद मिश्र इस मण्डी का उद्घाटन करने के लिए आए थे। तब से आज तक यह मण्डी चलती आ रही है, 1964 से 2026 तक 62 साल हो गए हैं। इन 62 वर्षों में अशोकनगर मण्डी का आकार बढ़ाए जाने की मांग चल रही थी जिसके बाद नई मण्डी का निर्माण मोहरी में किया गया। इस मण्डी का निर्माण 2019 में हुआ था तब से यह मण्डी 7 साल की अवधि पूरी कर चुकी है। दोनों मण्डीयां अशोकनगर में संचालित हैं, ऐसी मण्डीयां मध्यप्रदेश के बहुत कम स्थानों पर देखने मिलती है।

## कुटंब न्यायालय परिसर में विधिक साक्षरता शिविर लगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा के नेतृत्व में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर द्वारा, गांधी पार्क, कुटुंब न्यायालय परिसर में एक वृहद कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन विशेषकर समाज के कमजोर एवं वांछित वर्गां को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करना एवं उन्हे लाभान्वित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय केशवा मणि सिंहल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट किरण तुमराची धुर्वे, अध्यक्ष अधिवक्ता संघ चंद्रशेखर साहू सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। वृहद विधिक साक्षरता शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ जिला अशोकनगर कलेक्टर साकेत मालवीय, साथ ही अन्य अतिथियों में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय के सामान्य सिंघल जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर साहू एसपी गजेंद्र सिंह कंवर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष अनुरागी मंचासीन रहे।

कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा लोगों को उनके अधिकार, कर्तव्य एवं समाज में वैकल्पिक विवाद समाधान योजनाओं के लाभ को विस्तृत रूप से बताया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साकेत मालवीय द्वारा आम जन को विभिन्न शासकीय योजनाएं, जनसुनवाई प्रमुख थी, के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही जनसुनवाई और निःशुल्क विधिक सहायता के समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की बात रखी। कलेक्टर ने बताया कि अफवाहों पर ध्यान न देकर आम नागरिक अपनी एवं समाज के बारे में विचार कर देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। इस मेगा आउट रिच एंड अवेयरनेस कैंप में शासन की समस्त विभागों द्वारा अपनी स्टॉल लगाकर शिविर में आने वाले लोगों को त्वरित समस्याओं का निदान किया गया। जिसमें सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन योजना, स्वरोजगार ऋण, समावेशी शिक्षा, पुर्नवास सेवाऐं, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, लाभार्थियों को ट्राई साइकिल व्हीलचेयर एवं विभिन्न ऑडियो विजुअल उपकरण देकर लाभान्वित किया।साथ ही श्रम पदाधिकारी द्वारा शिविर में आए पात्र हितग्राहियों के संबल कार्ड बनाए गए। जिससे उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाएं, बीमा, इलाज, उपकरण खरीदी आदि लाभ प्राप्त हो सके।

आजीविका मिशन द्वारा मेगा आउट रीच प्रोग्राम में आने वाली महिलाएं को विभिन्न आजीविका मिशन एवं योजनाओं से अवगत कराया जिनमें लोक अधिकार केंद्र, समूह से लखपति दीदी एवं महिला स्वरोजगार के बारे में स्टाल लगाकर जानकारी प्रदान की गई। अजीविका मिशन के जिला परियोजना अधिकारी दिनेश शर्मा भी उपस्थित रहे। शिक्षा विभाग से डी.पी.सी. राहुल शर्मा उपस्थित रहे। जिन्होंने सर्वशिक्षा अभियान, शिक्षा का अधिकार, गणवेश, विद्यालय प्रवेश आदि के संबंध में स्टॉल लगाकर लोगों को जागरूक किया। वृहद शिविर में विधि महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने नागरिकों के मूल अधिकार, मूल कर्तव्य, नए कानून जिनमें भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता के बारे में बताया।

## नाबालिग बालक का यौन शोषण किया, 02 घंटे में पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**अशोकनगर।** नाबालिग बालक का अपहरण कर लैंगिक शोषण करने वाले आरोपी को मात्र 02 घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई है।

फरियादिया ने पुलिस को बताया कि वह घटना 27 मार्च को दोपहर 01 बजे अपने लड़के को लेकर गांव के माता मंदिर में पूजा के लिये गयी थी। वहां वह लड़के को मंदिर के बाहर बिठाकर पूजा करने लगी। जब उसने पूजा के बाद मंदिर से बाहर आकर देखा तो उसका लड़का नही मिला, तब वह घर आयी तो थोड़ी देर बाद उसका नाबालिग 07 वर्षीय लड़के ने रोते हुये आकर अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया कि जब वह मंदिर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। तब गांव का शिवचरण चॉकलेट और रूपयों की कहकर उसे मंदिर के पीछे नाले में ले गया और वहां जाकर उसके साथ जबरन लैंगिक यौन शोषण किया। उप निरीक्षक पूनम सेलर ने टीम गठित कर मजबूत मुखबिर तंत्र की सहायता से मात्र दो घंटे के भीतर आरोपी शिवचरण कुशवाह पुत्र स्व.श्यामलाल कुशवाह उम्र 21 साल निवासी थाना कचनार क्षेत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जहां माननीय न्यायालय द्वारा जेआर स्वीकृत करने पर आरोपी को जेल दाखिल किया गया।




## 50 लाख की स्ट्रीट लाइट योजना का शुभारंभ, श्री हनुमान टेकरी धाम पर लगाई गई पहली लाइट

**शाढ़ौरा।** नगर में 50 लाख रुपये की लागत से लगाई जा रही स्ट्रीट लाइटों की योजना का शुक्रवार को शुभारंभ कर दिया गया। श्री हनुमान टेकरी धाम पर पूजा अर्चना के बाद दरबार के मुख्य बर गेट पर जल ईडी लाइट लगाकर इस योजना की औपचारिक शुरुआत की गई।



नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर ने इस मौके पर बताया कि नगर में स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना में कई परेशानियां आईं, लेकिन सबके प्रयासों से आज योजना का शुभारंभ हो सका है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी का विशेष सहयोग इस योजना में मिला। सीएमओ शमशाद पठान ने बताया कि वर्ष 2022 में तत्कालीन विधायक जजपाल सिंह जज्जी के माध्यम से नगर में स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए 50 लाख रुपये की विशेष निधि प्राप्त हुई थी। आज उसी निधि से शुरू की गई योजना का श्रीगणेश हो गया है। इस अवसर पर नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष रवि मोहने ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी का आभार जताया। शुभारंभ कार्यक्रम में नगर परिषद के पार्षदों तथा कर्मचारियों की भी उपस्थिति रही।

### मप्र उर्दू अकादमी का कार्यक्रम आयोजन

## दोस्ती अदावत भी ख़ुद ब ख़ुद समझ लोगे... एक दिन दग़ा...



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में ज़िला अदब गोशा, अशोक के द्वारा सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन रोटरी क्लब भवन, अशोक नगर में ज़िला समन्वयक आर.पी कामिल के सहयोग से किया गया।

अशोकनगर में आयोजित सिलसिला के लिए मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ नुसरत मेहदी ने अपने संदेश में कहा कि अशोकनगर में गत वर्षों से "सिलसिला" संगोष्ठी में जिस उत्साह और सक्रियता के साथ साहित्यकारों व शायरों की सहभागिता देखने को मिलती रही है, वह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। यह इस क्षेत्र की समृद्ध साहित्यिक परंपरा और उर्दू अदब के प्रति गहरे जुड़ाव को दर्शाता है। यहां के साहित्यकार और शायर अपने स्तरीय एवं सार्थक लेखन के लिए पहचाने जाते हैं। ऐसे प्रतिभाशाली रचनाकारों की उपस्थिति इस आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान करती है। अकादमी का यह प्रयास इस दृष्टि से सफल और सार्थक है कि वह इन योग्य रचनाकारों को एक सशक्त मंच उपलब्ध करा पा रही है, जहाँ वे अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति को व्यापक श्रोताओं तक पहुँचा सकें। अशोकनगर ज़िले के समन्वयक रवि प्रकाश कामिल ने बताया कि सिलसिला के तहत व्याख्यान एवं रचना पाठ का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ शायर सुधीर गुप्ता ने की।

**रचना पाठ में जिन शायरों ने अपना कलाम पेश किये उनमें खलील अश्क ने अपना रचना पाठ करते हुए कहा...**

बाद मरने के तुझे याद करेगी दुनिया
अश्क इस फ़न को किताबों में बिखर जाने दे

रचना पाठ के इस आयोजन में सुधीर गुप्ता ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए इस गोष्ठी को आगे बढ़ाया उन्होंने कहा कि

हम में फूट डालने की बात सोचना नादानी है,
हम हिंदू मुस्लिम पीछे हैं, हम पहले हिंदुस्तानी हैं।

इसी प्रकार इस गोष्ठी में जमुना प्रसाद बेताब ने दोस्ती के ऊपर अपनी रचना सुनाते हुए कहा कि

दोस्ती अदावत भी ख़ुद ब ख़ुद समझ लोगे
ख़ास यार जब तुमको एक दिन दग़ा देगा

इसी गोष्ठी में अगले शायर के रूप में काले ख़ां असर ने अपनी शायरी का कलाम पेश करते हुए कहा कि

क्यूं क़ैद में रखते हो मासूम परिंदों को
पिंजरे से परिंदों को आज़ाद नहीं करते

इसी गोष्ठी में रिश्तों को ताजा बनाने के लिए और रिश्तों को भूलने वाले लोगों के लिए अपनी रचना सुनाते हुए आर.पी.कामिल ने कहा कि

लोग ज़र ज़ेवर मकानों के दिवाने हो गये।।
इस नये माहौल में रिश्ते पुराने हो गये ।।

इसी प्रकार गोष्ठी में अभिनेश सागर, जमीरुद्दीन जमीर, शहजाद पेंटर, मोहम्मद इरफ़ान, मनोज दर्द ने भी अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं और इस गोष्ठी को एक नई ऊंचाईयां दी, गोष्ठी का संचालन महेश श्रीवास्तव ने किया।

## 01 अप्रैल से ई-विकास पोर्टल के माध्यम से मिलेगा उर्वरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के किसानों को 01 अप्रैल से ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली व्यवस्था से उर्वरक वितरण जायद/खरीफ सीजन हेतु किया जायेगा। कृषक ऑनलाईन पंजीयन अपनी सहकारी समिति, डबललॉक केन्द्र, एम.पी.एग्रों एवं निजी विक्रेताओ के यहां निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इसके अतिरिक्त एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेन्टर के कियोस्क से निर्धारित शुल्क देकर पंजीयन करा सकते है।

उर्वरक क्रय करने हेतु किसानों को ऑनलाईन पंजीयन (ई-टोकन) आधार नम्बर से किया जायेगा। फार्मर आई.डी. में किसान का रकवा एग्री स्टेक के माध्यम से प्रदर्शित होगा। किसान द्वारा जमीन के खसरा नम्बर में बोई जाने वाली फसल का चयन किया जायेगा और इसके आधार पर उर्वरक की मात्रा दिखेगी। इसके बाद एक ऑनलाईन मैसेज एवं ई-टोकन किसान को मोबाईल पर प्राप्त होगा। इस पंजीयन को लेकर किसान अपने द्वारा चयनित उर्वरक विक्रय केन्द्र जाकर उर्वरक क्रय कर सकेगा। सिकमी, मृत किसान तथा शारीरिक रूप से असक्षम एवं वृद्ध किसानो, संयुक्त खाताधारक कृषको, जिनकी भूमि एग्री स्टेक पर प्रदर्शित नही हो रही है, वन पट्टाधारी, शासकीय पट्टाधारी आदि कृषको को भी प्रक्रिया अपनाकर उर्वरक देने के लिये पोर्टल पर व्यवस्था की गई है।

## अवकाश में भी नपा कार्यालय खुलेगा बकाया कर 31 से पहले जमा करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद अशोकनगर को शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार 31 मार्च से पूर्व बकाया संपत्ति कर एवं बकाया जलकर जमा करने वाले नागरिकों को पेनल्टी में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। जो लोक अदालत की तर्ज पर दी जाएगी। जिसे देखते हुए अवकाश के दिनों में भी नपा कार्यालय खुला रहेगा।

नगर के समस्त बकायादारों से अपील की जा रही है कि इस विशेष अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं एवं अपने बकाया करों का भुगतान निर्धारित तिथि से पूर्व अवश्य करें। सभी करदाताओं से अपील की जा रही है कि वे नगर पालिका परिषद कार्यालय में पहुंचकर अपना बकाया संपत्ति कर एवं जलकर जमा करें तथा पेनल्टी में छूट का लाभ लेकर बकाया से मुक्ति प्राप्त करें। आगामी माह से कर की दरों में वृद्धि की जा रही है।



### अविचल सागर ने कहा भगवान के गुणों की प्रसंशा करते रहें


# एक दिन जग की भलाई करना आ जाएगा: मुनिश्री


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

हम सब भी भगवान के गुणों की प्रसंशा करना सीखें। हम दुनिया की बात करना तो जानते हैं लेकिन हमारे मुख से किसी की प्रसंशा नहीं निकलतीं। आप से कहें कि अपने पड़ोसी के सम्मान में दो शब्द कहे प्रशंसा में कुछ कहे तो आप भड़क जाते हैं। उसकी प्रशंसा करु जो कुछ भी नहीं जानता उसे तो कुछ भी नहीं आता उसने किसी का कभी भला नहीं दुष्ट है अभिमानी है सच तो यह है कि तुम किसी की प्रशंसा करने में अपनी अक्ल लगाते ही नहीं हो।

यह बात अशोकनगर में विराजमान मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ने धर्मसभा में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि तभी मैं कहता हूं कि आप भगवान के गुणों को प्रकट करने के लिए कुछ कहना शुरू करोगे तो एक दिन तुम्हारे मुख से जगत के प्रत्येक जीव के लिए अच्छी बातें निकलने लगेगीं।

हमें अपनों की प्रशंसा करना सीख लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम अपनो की प्रशंसा करना तक भूल गए कैसे किसी की अच्छाइयों का वखान कर उसके गुणों को उद्घाटित कर समाज के समाने अपने ही लोगों के समाने लाने में सहयोगी बने। यह सब चीजें हमारे भीतर से गायब होती जा रही है हमें अपने अंदर प्रेम, दया, करुणा को उभारना होगा। आप सोचें यह एक दिन में संभव हो जाये ऐसा नहीं होता। अच्छाईयों को मन में जगह देने के लिए संस्कार देना पड़ेगा। हमारा मन, हृदय, वाणी, कलुषता, घृणा, नफरत, से भरी पड़ी है इसको बाहर करने के लिए अपने मन को बार बार समझाना होगा तव कहीं जाकर आपके मुख से दूसरों के लिए दो शब्द निकलेंगे।





### आप अच्छाई दोगे तो अच्छाई मिलेगी बुराई देखोगे तो बुराई मिलेगी

उन्होंने कहा कि जव तक हम जगत के जीवों के गुणों की प्रशंसा नहीं करेंगे उनकी अच्छाइयों को झुठलायेंगे तब तक हमें भी इस जगत में पूछने वाला कोई नहीं मिलेगा ये संसार का नियम है आप अच्छाई दोगे तो अच्छाई मिलेगी बुराई देखोगे तो बुराई मिलेगी हम तो गुणों को देखना है। इसकी शुरुआत हम अपने इष्ट आराध्य देव से करें क्योंकि वहां तुम्हारा मन लगता है भगवान मैंने तेरी प्रशंसा करने पर जाना कि संसार के प्रत्येक जीव में गुण भरें पड़े हैं मेरी ही तो नजर ऐसे हैं कि मैं कुछ नहीं समझ पाया मुझे दूसरों की कमी तो जल्दी दिख जाती है उसकी अच्छाई पर नजर नहीं पहुंचती सबसे पहले मैं दूसरी की अच्छाइयों को आत्मसात करते हुए उन्हें प्रकट कर पाऊं।

### महावीर जयंती पर कार्यक्रमों की प्रभात फेरी से होगी शुरूआत

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि जैन दर्शन के चैबीस वे तीर्थंकर भगवान श्री महावीर स्वामी के 2625वे जन्म जयंती समारोह का मुख्य आयोजन जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में जिला कलेक्टर साकेत मालवीयएवं एसपी राजीव मिश्रा नपा अध्यक्ष नीरज मनोरिया के विशेष आतिथ्य में प्रातः काल 7:45 बजे प्रारंभ होगा। जो आचार्य श्री विद्यासागर द्वार भगवान महावीर मार्ग गांधी पार्क पुराना बाजार गांव मन्दिर प्रसोसन रोड़ सुराना पार्क वजरिया मोहल्ला इन्द्र पार्क होते हुए सुभाष गंज मैदान में आकर धर्म सभा में बदल जायेगा। जहां भगवान के कलशाभिषेक के साथ ही अन्य कार्यक्रम होंगे। दत उपरान्त दया भावना प्रेरक मुनिश्री अविचल सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन होंगे। भोजन वस्त्र वितरण समारोह पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश सरकार राव ब्रजेन्द्र सिंह यादव पूर्व नपाध्यक्ष जजपाल सिंह जज्जी एडिशन कलेक्टर सोनम जैन एडिशन एसपी गजेन्द्र सिंह कंवर के विशेष आतिथ्य में सुभाष गंज में होगा।

### सभी सामाजिक प्रतिष्ठान रहे बंद, अखाड़े में शामिल कलाकारों ने दिखाए करतब

# झांकियों के साथ पुष्पद समाज ने भव्यता से निकाली शोभायात्रा





**नगर में स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत, अभिनंदन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

माली, पुष्पद समाज द्वारा अपने आराध्य भगवान राम का जन्मोत्सव शनिवार को धूमधाम एवं शोभायात्रा के साथ मनाया गया। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी यह चल-समारोह नेवज तट स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर से आरंभ हुआ, जो गाजे-बाजे एवं ढोल-ढमाकों के साथ नाका नंबर-3, मेन मार्केट, जय स्तंभ चौक, किला क्षेत्र, पुरा होते हुए बड़ा हनुमान मंदिर पहुंचा। यहां पूजा-अर्चना उपरान्त चल-समारोह बमबम आश्रम के नजदीक स्थित समाज की धर्मशाला पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान स्थान-स्थान पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों, प्रतिष्ठान संचालकों द्वारा पुष्पवर्षा से समाजजनों का स्वागत, अभिनंदन किया गया। जिमसें समाज के सभी महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग शामिल हुए।

#### समाज के युवाओं ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

चल-समारोह और शोभायात्रा में प्रमुख आकर्षण का केंद्र अखाड़ा रहा। अखाड़े में शामिल समाज के युवाओं ने लट्ठबाजी, तलवारबाजी सहित कई हैरतअंगेज करतबों से लोगों का दांतो तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। चल-समारोह में सुरक्षा के लिहाज से टीआई मंजू मखेनिया और कोतवाली थाने का बल साथ चल रहा था।

#### भगवान राम की झांकी भी रही आकर्षण का केंद्र

शोभायात्रा में भगवान राम, सीता, जानकी, हनुमान का रूप धरे बच्चों की झांकी भी आकर्षण का केंद्र रही। इसके साथ ही भगवान की एक अलग झांकी भी साथ चल-रही थी। अनेकों महिलाएं, बालिकाएं भी शोभायात्रा में उत्साह के साथ सम्मिलित हुई एवं भगवान के भजनों पर नृत्य किया।

#### समूचे प्रतिष्ठान रहे बंद

आयोजन के लिए समाजजनों की एकजुटता भी नजर आई। समाज के सभी प्रतिष्ठान संचालकों ने सुबह से अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखी ताकि आधिकाधिक जन शोभायात्रा में शामिल हो सके। धर्मशाला में कई सामाजिक आयोजन संपन्न हुए जहां आगामी आयोजनों की रूपरेखा बनाते हुए वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। आयोजन में समाज पदाधिकारी एवं सदस्यों ने सामाजिक उत्थान और समाज को और कैसे आगे ले जाया जा सकता है, बालिका शिक्षा, कुरीतियों के उन्मूलन सहित अन्य विषयों पर अपने-अपने उद्गार व्यक्त किए। संपूर्ण आयोजन पूरे अनुशासन, सु-व्यवस्थाओं के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभीजनों को प्रसाद स्वरूप भोजन करवाया गया।

### लापरवाह ठेकेदारों के निरस्त होंगे टेंडर

# नगर पालिका राजगढ़ में 127 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से हुआ पारित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर पालिका की साधारण सभा का विशेष सम्मेलन शनिवार को नपा के सभागार में संपन्न हुआ। विधायक अमरसिंह यादव की मौजूदगी में हुए सम्मेलन में 127 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया गया। जिसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। यह बजट 73 लाख के लाभ का बजट बताया जा रहा है।

सम्मेलन में नगर पालिका परिषद के सभी पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि, नगर पालिका की विभिन्न शाखों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे। उक्त विशेष सम्मेलन में बजट के साथ ही विकास कार्यों से जुड़े कई अहम निर्णय भी लिए गए हैं। प्रमुख निर्णय यह रहा कि नगर के सभी वार्डों में प्रस्तावित जिन विकास कार्यों के टेंडर लेकर संबंधित ठेकेदार या एजेंसियां काम शुरू नहीं कर रही है यदि उन्होंने 15 दिन मे कार्य शुरू नहीं किया तो टेंडर निरस्त कर दिए जाएंगे। बैठक में विधायक ने जल शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि मुझे अक्सर शिकायत मिल रही हैं की कहीं-कहीं नियमित जल सप्लाई नहीं हो पा रही है इसके साथ ही कुछ वार्डो मैं सफाईकर्मी भी अपने कार्य निर्माण में लापरवाही बरत रहे हैं। विधायक ने अल्टीमेटम दिया की अब मुझे कहीं से कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए।

#### इंस्पेक्टर से छीने सभी बड़े दायित्व

समेलन में शिकायत मिली की नगर पालिका का इंस्पेक्टर कार्यों में लापरवाही बरत रहा है। वहीं आमजनों के प्रति भी व्यवहार ठीक नहीं है। इस पर संबंधित इंस्पेक्टर से दायित्व वापस लेने के निर्देश दिए गए।

## मंदिर प्रांगण की समस्याओं को लेकर समिति ने मंत्री से की मुलाकात



**सारंगपुर।** सुदर्शन नगर माता मंदिर समिति के सदस्यों ने शनिवार को राज्य मंत्री गौतम टेटवाल से मुलाकात कर मंदिर प्रांगण में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान समिति द्वारा समस्याओं के निराकरण हेतु एक आवेदन दिया गया। समिति ने मांग रखी कि मंदिर परिसर में बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए, साथ ही बारिश के पानी की उचित निकासी के लिए नाली बनाई जाए। इसके अलावा प्रांगण में बने गड्ढों की भराई कर पेवर्स लगाने, मंदिर परिसर स्थित कूप (कुएं) की सफाई एवं रिचार्जिंग कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से कूप के ऊपर ढक्कन लगवाने की भी मांग की गई। इस दौरान मंत्री गौतम टेटवाल ने समिति की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सभी आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के साथ एक माह के भीतर पूर्ण कराया जाएगा।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर फूलमाली समाज ने नगर में निकाला भव्य चल समारोह

### 6 अखाड़े के साथ विमान और श्रीराम की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र



**सारंगपुर।** फूलमाली समाज द्वारा श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर शनिवार को नगर में चल समारोह निकाला गया। इसके पूर्व शाम को नगर के माली समाज के सभी राम मंदिरों में कथा का आयोजन किया गया और शनिवार को प्रत्येक मोहल्ले से आंखाड़ों के साथ चल समारोह निकाला गया। जिसमें अखाड़े में सर्वप्रथम महावीर बजरंग अखाड़ा मोहल्ला भेरुदरवाजा बादलीपुर हनुमान अखाड़ा बागकुआं टंकी पछेटवाडी अखाड़ा बालाजी अखाड़ा मोहल्ला मुकेरवाडी पवन पुत्र अखाड़ा मोहल्ला खारिया श्री बजरंग अखाड़ा मोहल्ला कीड़ी के अखाड़े के पहलवानों द्वारा हैरत अंग्रेज करतब दिखाए। जिनके कारनामों पर पहलवानों ने खूब दाद बटोरी।

#### श्रीराम की आकर्षक झांकी और डोल रहे आकर्षण का केंद्र

चल समारोह में प्रमुख रूप से श्रीराम लक्ष्मण हनुमान जी की झांकी सहित आकर्षक डोल ताशे आदि आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान हिन्दू उत्सव समिति, शिव प्रेमी मित्र मंडल, ब्लॉक शहर कांग्रेस, भैया जी मित्र मंडल, ब्राह्मण समाज, जैन समाज, राठौर समाज, बजरंग दल, भाजपा मंडल, महादेव मित्र मंडल, साईं सेवा समिति, वाल्मीकि समाज, सोनी समाज सहित अनेक हिंदू संगठन समाजसेवियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं हिन्दू उत्सव समिति ने अखाड़ों के उस्तादों का स्वागत कर ढाल तलबार भेंट की तो कांग्रेस भाजपा मंडल ने समाज के उस्तादों पहलवानों और समाज के पदाधिकारी का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान फूलमाली समाज जिला पंचायत जिला अध्यक्ष सकल पंचायत अध्यक्ष शिवानारायण काका, धनसिंह पुष्पद,रवि पुष्पद, प्रेमनारायण पुष्पद, कैलाश भगत, केसी वर्मा,जिला अध्यक्ष संतोष पुष्पद, महादेव मित्र मंडल अध्यक्ष ओम पुष्पद,जिला उपाध्यक्ष गोपाल पुष्पद जिला प्रवक्ता लोकेश पुष्पद विनोद पुष्पद सहित अन्य का स्वागत किया। वहीं विशेष रूप से चल समारोह में मंत्री गौतम टेटवाल हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष धूरव भल्ला, नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल, नपा उपाध्यक्ष प्रतिनिधि निलेश वर्मा, पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय सहित अन्य मौजूद रहे।

#### पुलिस प्रशासन ने की चाक चौबंद व्यवस्था



एडिशनल एसपी केएल बंजारा के नेतृत्व में एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा के द्वारा मुस्तैदी से चाक चौबंद व्यवस्था की गई और शांतिपूर्वक चल समारोह निकाला गया।

## अखंड ज्योति एवं सेवा संस्थान ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खोले प्याऊ



**ब्यावरा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था अखंड ज्योति शिक्षा एवं सेवा संस्थान सुठालिया की पहल जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम अंतर्गत जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत की गई। संस्थान सचिव ओपी गोस्वामी सहित सभी सदस्यों ने मिलकर सेक्टर लखनवास अंतर्गत गंगाहोनी ,लोधीपुरा प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में जल मंदिर (प्याऊ) खोले गए। मिट्टी मटके, कैन और टंकी गिलास, मग्गे रखकर राहगीरों को ग्रीष्म ॠतु में पेय जल उपलब्ध कराना अभियान का मुख्य उद्देश है। जन के श्रम सहयोग से मंदिर परिसर में सफाई कार्य करते हुए जल मंदिर की संख्या बढ़ाने,रोपणी तैयार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। कर्यक्रम में उपस्थित सरपंच रघुवीर लोधा लोधीपुरा, सीताराम, भरतसिंह लोधा, गौरव लववंशी, संतोष नामदेव सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**व्यवस्थाओं में सुधार के दिए आवश्यक निर्देश**

# पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली थाने का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के विभिन्न थानों की व्यवस्थाओं में सुधार के साथ ही पुलिसिंग को ज्यादा प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए प्रयास चल रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने शनिवार को राजगढ़ कोतवाली थाने का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी तोलानी ने थाना प्रभारी मंजू मखेनिया को परिसर के पीछे खड़े अनेकों वाहनों को वहां से हटाकर अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाना परिसर व्यवस्था और आकर्षक होना चाहिए। इसके साथ ही अभिलेखों के शीघ्र डिजिटाईजेशन के निर्देश उन्होंने दिए। साथ ही क्षेत्र के गुडा, हिस्ट्रीशीटरों, व्यक्तियों के फोटो नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शन करने कहा।

#### थाने में फरियादियों को न हो कोई असुविधा

पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि थाना परिसर में फरियादियों व अन्य के बैठने हेतु पर्याप्त बेंच आदि के साथ ही छाया एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही नियमित साफ-सफाई एवं सौंद्रर्यीकरण करवाने की बात भी उन्होंने कही। एसपी ने कहा कि थाने आने वाले फरियादियों को सहज एवं सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए। एसपी के इस निरीक्षण में डिजिटल रिकार्ड सिस्टम, स्वच्छमता, जनता के हित से जुड़ी सुविधाओं में बढ़ोतरी, त्वरित शिकायत निवारण के बिन्दु प्रमुखता से शामिल रहे।

## नौकुंडीय महायज्ञ का कन्या भोज के साथ हुआ समापन



**सारंगपुर।** गायत्री परिवार द्वारा नवरात्र पर्व पर आयोजित गायत्री मंत्र जाप एवं नौ कुंडीय महायज्ञ का शनिवार को पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालु एवं उपासकों ने भाग लेकर धार्मिक लाभ प्राप्त किया। गायत्री शक्ति पीठ, गांधी चौक सारंगपुर में प्रतिदिन हवन-पूजन एवं मंत्र जाप का आयोजन किया गया। समापन अवसर पर पूर्णाहुति के साथ कन्या भोज एवं भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। गायत्री परिवार के स्थानीय प्रमुख डॉ. के.के. मिश्रा ने बताया कि संस्था के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में नशा मुक्ति, नारी सशक्तिकरण एवं 'गर्भ संस्कार' जैसे सामाजिक-आध्यात्मिक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गायत्री परिवार का संदेश भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों तक पहुंच रहा है, जहां भारतीय संस्कृति एवं वसुधैव कुटुंबकम का प्रचार-प्रसार किया जा रहा। इस दौरान प्रज्ञाचार्य प्रभा पालीवाल, रेखा दुबे सहित अनेक वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बंटी राठौर, पुजारी राम पालीवाल, हीरालाल पालीवाल, श्याम जोशी, संजय सौलंकी, अनिल गुप्ता, प्रमोद जोशी, सुनील दीक्षित, ट्रस्टी दिलीप रावतिया, संजय शर्मा, श्याम राठी, पंडित ललित पालीवाल, महेश पाटीदार, मनोज सोनी, कैलाश चंद्र शर्मा, गोपाल वैद्य, गुंजन सोनी, मांगीलाल पाटीदार, सतीश राठौर, संदीप शर्मा, माखनसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# नगर में 94 लाख की लागत से बनने वाली सीसी सड़क का विधायक ने किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर में नगरीय प्रशासन की विशेष निधि से वार्ड 5 एवं 9 में 94 लाख 45 हजार रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कंक्रीट सड़क 1200 मीटर के लंबे मार्ग का भूमिपूजन शनिवार को विधायक मोहन शर्मा द्वारा किया गया। इस दौरान विधायक शर्मा ने कहा कि कुरावर को ग्राम पंचायत से नगर परिषद में परिवर्तित कर विकास की नई दिशा दी गई है। पहले जहां विकास कार्य नगण्य थे, वहीं अब नगर में लगातार निर्माण कार्य हो रहे हैं। साथ ही आगे भी कुरावर के समग्र विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।




विधायक ने बताया कि जल्द ही पार्वती नदी पर डैम निर्माण की योजना साकार होगी, जिससे सिंचाई से वंचित गांवों तक पानी पहुंचेगा और कुरावर नगर की पेयजल समस्या का भी समाधान होगा। साथ ही वर्तमान में जल आवर्धन योजना के अंतर्गत घर-घर पानी नहीं पहुंच पाने पर चिंता जताई।उन्होंने सभी दलों के पार्षदों से अपील करते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार का राजनीतिक मतभेद नहीं होना चाहिए और सभी को मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम को पार्षद प्रतिनिधि डॉ. रविंद्र मीणा एवं मोहन वर्मा ने भी संबोधित किया। संचालन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, रामसाय जामलिया, नंदकिशोर पटेल, घनश्याम गर्ग, लक्ष्मण सिंह राणा, कैलाश मंडलोई, राधेश्याम पचवारिया, गोविंद मालवीय, महेश भावसार, आत्माराम पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, महामंत्री रामेश्वर नायक, लखन राजपूत, कैलाश सागवालिया, जनपद सदस्य मनीष नगर, पार्षद मुनीम बद्रीलाल कुशवाह, अनिल दरबार, रमेश मालवीय, राजू मीणा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

# नगर के 11 बालाजी मंदिर की गिरिराज भक्त मंडल करेगा दंडवत परिक्रमा



**जीरापुर।** नगर में पहली बार अनोखे तरीके से हनुमान जन्मोत्सव गिरीराज भक्त मंडल द्वारा मनाया जाएगा। भक्त मंडल के सभी सदस्यों द्वारा बालाजी की आराधना साधना भक्ति रस में रत होकर दंडवत परिक्रमा करके हनुमान जी से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। यह परिक्रमा 26 मार्च से नगर के हटीले हनुमान मंदिर आवास कालोनी से शुरू हुई जो नगर के विभिन्न 11 हनुमान मंदिर पर होते हुए वापस हटीले हनुमान मंदिर पहुंचेगी। भक्तों ने बताया कि यह आयोजन बाबा नीम करौली जी महाराज के आशीर्वाद से किया जा रहा है।

#### दंडवत परिक्रमा का यह रहेगा मार्ग

दंडवत परिक्रमा प्रातः 8बजे हटीले हनुमान मंदिर से शुरू होगी, जो श्रीराम मंदिर आवास कॉलोनी, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर, पुलिस थाना परिसर, बालाजी मंदिर बुधवारिया बाजार, हनुमान मंदिर किशनगढ़, बाग वाले बालाजी परोलिया रोड, खांड़ी वाले बालाजी पिपल्दा रोड़, गोप चौहान जी महाराज स्थित बाग वाले बालाजी मंदिर, संकटमोचन हनुमान मंदिर बस स्टैंड, बाल हनुमान मंदिर पुरानी कोर्ट, चामुण्डा माता मंदिर बालाजी महाराज से होती हुई वापस हटीले हनुमान मंदिर पहुंचेगी। जहां पर महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा।

### हिन्दू उत्सव समिति कर रही समूची तैयारी

# हनुमान जन्मोत्सव की शोभा बढ़ाएगा पानीपत हरियाणा के प्रसिद्ध दिलेर खालसा अखाड़ा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

आगामी 2 अप्रैल को राजगढ़ मुख्यालय पर मनाया जाने वाले हनुमान जन्मोत्सव इस बार कुछ खास होने जा रहा है। रामभक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर प्रतिवर्षानुसार निकलने वाले चल-समारोह के लिए हिन्दू उत्सव समिति ने इस बार पानीपत हरियाणा के प्रसिद्ध दिलेर खालसा (निहंग अखाड़े) को आमंत्रित किया है। देश भर में प्रसिद्ध यह ग्रुप कई टीवी शो में अपनी प्रस्तुतियां दे चुका है वहीं अनेक रिकार्ड भी इसके नाम पर दर्ज हैं। करीब 18 सदस्यों वाले दिलेर खालसा ग्रुप की प्रस्तुतियों को देखने नगरवासियों में खासा उत्साह नजर आ रहा है।

#### चल-समारोह के साथ रहेगी हनुमानजी की प्रतिमा

हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष हर्षांत इंग्ले ने बताया कि चल-समारोह के लिए भगवान हनुमान की मिट्टी की एक आकर्षक प्रतिमा भी बनवाई जा रही है। परम्परानुसार मनकामनेश्वर मंदिर में भगवान की पूजा-अर्चना उपरान्त अखाड़े के साथ चल-समारोह आरंभ होगा जो मुख्य मार्गों से होता हुआ शाम तक पुरा क्षेत्र स्थित बड़े हनुमान मंदिर पहुंचकर समाप्त होगा। इस बीच स्थान-स्थान पर अखाड़े के कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

#### नगर में अन्य आयोजन भी होंगे

हनुमान जन्मोत्सव पर उक्त चल-समारोह के साथ ही नगर में अन्य आयोजन भी होंगे। मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ के साथ ही भंडारों, प्रसादी का आयोजन करवाए जाने वाले हैं।

**ऐजेन्सी देना है / हरिभूमि**

राजगढ़ जिले में खाली निम्न स्थानों सुठालिया, पचोर, करेड़ी, छापीहेड़ा, तलेन, और भी अन्य खाली स्थानों पर एजेंसी देना है।

विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करे

संतोष गोस्वामी जिला ब्यूरो चीफ

पता : गुना नाका, बांडी खाली, बंधन बैंक के सामने, फर्स्ट फ्लोर, ब्यावरा जिला (राजगढ़)

नोट: अखबार प्राप्त करने के लिए सम्पर्क करें 6268644011, 8770833858